**भारत में सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोधकता (एंटी माइक्रोबायल रेजिस्टेंस) की पहचान एवं रोकथाम के लिए अस्पताल संक्रमण नियंत्रण की क्षमता का निर्माण एवं सशक्तिकरण, एम्स-आईसीएमआर द्वारा एक वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंडा (जीएचएसए) परियोजना।**

**जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र, एम्स, नई दिल्ली**

भारत में सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोधकता की पहचान एवं रोकथाम के लिए अस्पताल संक्रमण नियंत्रण की क्षमता के निर्माण एवं सशक्तिकरण हेतु रोग नियंत्रण एवं निवारण केन्द्र (सीडीसी) द्वारा वित्तपोषित वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंडा (जीएचएसए) परियोजना हेतु ज.प्र.ना.एपेक्स ट्रॉमा केंद्र, नई दिल्ली में संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए दिनांक **15.06.2019** तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| | |
|---|---|
| पद का नाम | **वैज्ञानिक-सी(चिकित्सा)/वैज्ञानिक-।।** |
| पद की संख्या | **एक (1-अनारक्षित)** |
| परियोजना का नाम | भारत में सूक्ष्मजीवी रोधी प्रतिरोधकता की पहचान एवं रोकथाम के लिए अस्पताल संक्रमण नियंत्रण की क्षमता का निर्माण एवं सशक्तिकरण, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र, एम्स, नई दिल्ली |
| तैनाती स्थल | सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र, एम्स, नई दिल्ली |
| अनिवार्य योग्यता | एम.बी.बी.एस. तथा सामाजिक और निवारण चिकित्सा/फील्ड एपिडिमियोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री (एम.डी./डी.एन.बी.)/एप्लाइड एपिडेमियोलॉजी में स्नातकोत्तर/इंडिया ईआईएस ट्रेनिंग सर्टिफिकेशन तथा स्नानकोत्तर डिग्री के पश्चात एक वर्ष का अनुभव<br>अथवा<br>एमपीएच के साथ एमडी/एमबीबीएस डिग्री के बाद न्यूनतम 4 वर्ष के जन स्वास्थ्य अनुभव के साथ 2 वर्ष का इंडिया ईआईएस प्रशिक्षण<br>अथवा<br>एमपीएच के साथ एमबीबीएस/एमबीबीएस डिग्री के बाद न्यूनतम 4 वर्ष के जन स्वास्थ्य अनुभव के साथ 2 वर्ष का इंडिया ईआईएस प्रशिक्षण<br><br>(सभी एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी, एमएई डिग्री एमसीआई से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए) |
| वांछित योग्यता | • सूक्ष्म जैव विज्ञान चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री<br>• सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोधकता एवं संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण का पूर्व अनुभव ।<br>• डाटा विश्लेषण प्लेटफार्म एसपीएसएस, एसटीएटीए एसएएस, ईपीआई इंफो इत्यादि में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान<br>• कंप्यूटर एप्लिकेशन्स अथवा बिजनेस इंटैलिजेंस टूल्स जैसे माइक्रोसोफ्ट एक्सल, पीपीटी आदि का ज्ञान |

| | |
|---|---|
| | • परियोजना प्रबंधन में अनुभव के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र, आईसीएमआर,एम्स, एनएचएम, सीटीडी, एनएसीओ इत्यादि अथवा वैज्ञानिक विभागों/संगठनों में काम करने का अनुभव ।<br>• जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधन के क्षेत्र में सरकारी/पीएसयू अथवा किसी प्रतिष्ठित संगठन में काम करने का अनुभव |
| आयु | अधिकतम 40 वर्ष तक |
| कार्य की प्रकृति | संभावित अभ्यर्थी दबाव में बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु दृढ़ संकल्प हो एवं उसमें कार्य करने की क्षमता तथा अच्छे संप्रेषण कौशल के साथ वह स्व-प्रेरित हो एवं अत्यधिक कार्य के वातावरण में प्राथमिकताएँ तय कर पाए ।<br><br>क. जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र, एम्स, नई दिल्ली में एचएआई निगरानी परियोजना के जानपदिक रोग विज्ञान के घटकों के नियोजन, प्रबंधन तथा कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करना।<br>ख. नेटवर्क के अस्पतालों में एचएआई निगरानी की रिकॉर्डिंग तथा रिपोर्टिंग की जांच करना।<br>ग. निगरानी नेटवर्क से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करना तथा समय पर प्रधान अन्वेषक तथा साझेदारों को प्रभावी रूप से सूचना देना ।<br>घ. सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोधकता, स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी संक्रमण की निगरानी तथा संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित अध्ययन प्रोटोकॉल/ एसओपी/शिक्षण तथा प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना।<br>ङ. एकत्रित आंकड़ों,परिवहन, जांच, रिपोर्टिंग, बैक्टीरियल तथा फंगल पैथोजींस के क्यूए/क्यूसी का पर्यवेक्षण करना।<br>च. कार्यक्रम कार्यान्वयन की स्थिति की मासिक/त्रैमासिक तथा सामयिक तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना।<br>छ. एचएआई निगरानी से संबंधित बैठकों/कार्यशालाओं/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन को सुगम बनाना।<br>ज. एचएआई निगरानी से संबंधित आंकड़ों की रिकॉर्डिंग तथा रिपोर्टिंग की जांच करना।<br>झ. एएमआर क्षमता निर्माण परियोजना के अतर्गत पूरे देश भर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवा व्यवस्थाओं से अंत:-विषयक नैदानिक तथा प्रयोगशाला सुविधाओं से संबंध, समन्वय स्थापित करना तथा इन्हें सुगम बनाना।<br>ञ. एम्स ट्रॉमा केंद्र अथवा आईसीएमआर में एचएआई निगरानी नेटवर्क की परियोजना के प्रधान अन्वेषक अथवा निदेशक एम्स द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य। |
| अवधि | 1 वर्ष (कार्यनिष्पादन तथा परियोजना की आवश्यकता के अंतर्गत |

| | |
|---|---|
| | परियोजना अवधि का नवीनीकरण) |
| समेकित वेतन | रू॰1,10,000/- |

**आवेदक के लिए निर्देश:**

1. इस पद के लिए चयनित आवेदनों में से दिल्ली के प्रतिभागियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा दिल्ली से बाहर के प्रतिभागियों का स्काइप के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा।
2. भारत सरकार की नियमावली के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु-सीमा में छूट दी जाएगी तथा **यह सभी श्रेणियों के आराक्षित पदों के संबंध में स्वीकार्य हैं।**
3. आईसीएमआर में अन्य अनुसंधान परियोजनाओं में प्रदान की गई सेवा की सीमा तक अनुभवी और कौशलयुक्त व्यक्तियों के लिए भी आयु में रियायतें स्वीकार्य होंगी।
4. ऑनलाइन आवेदन में सभी खानों को भरें । किसी भी खाने को खाली नहीं छोड़े । "यदि कोई खाना आपके पद के संबंध में लागू नहीं होता है" तो "लागू नहीं" लिखें।
5. शैक्षिक योग्यताओं, अनुभवों, जाति/समुदाय के साक्ष्य को अवश्य संलग्न करें। इन अपेक्षित संलग्नकों के बिना आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा।
6. अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन के कैमरे से खींची गई तस्वीर को अपलोड करने से बचना चाहिए।
7. अधूरे आवेदन प्रपत्र अथवा मांगे गए साक्ष्यों के बिना वाले आवेदन प्रपत्र को तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
8. केवल योग्य/चयनित अभ्यर्थियों को ही व्यक्तिगत साक्षात्कार/स्काइप साक्षात्कार की तिथि एवं समय के बारे में ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा।
9. अभ्यर्थीगण प्रमाण-पत्रों/शंसा पत्रों की सभी प्रतियों को ऑनलाइन जमा कराएं।
10. अनुभव प्रमाण-पत्र में नौकरी की अवधि के दौरान किए गए कार्य की प्रकृति का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।
11. समुदाय/जाति प्रमाण-पत्र: अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणी के अतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थीगण उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा आवेदन की समाप्ति तिथि से एक वर्ष से पहले जारी किए गए, निर्दिष्ट प्रारूप में ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करेंगे। केवल नॉन-क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण-पत्रों को ही स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य प्रमाण-पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
12. वर्तमान नियोक्ता (केवल सरकारी/एबी/पीएसएयू कर्मचारी के लिए) से अनापत्ति प्रमाण-पत्र।
13. सभी पद प्रस्तावित अवधि के लिए संविदागत है। नियुक्ति को परियोजना की आवश्यकता तथा संतोषजनक निष्पादन की स्थिति में, प्रत्येक निर्दिष्ट समय अवधि के पश्चात नवीनीकृत किया जा सकता है।
14. चयनित पदधारकों का अ.भा.आ.सं./आईसीएमआर के अंतर्गत स्थायी आधार पर नियुक्तियों अथवा किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाओं को निरंतर जारी रखने का कोई भी दावा नहीं होगा ।

15.अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान/आईसीएमआर द्वारा साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

16.संस्थान के पास विज्ञापित पदों को भरने या नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित है।

निदेशक, अ.भा.आ.सं./चयन समिति के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार है और इस मामले में किसी भी सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी द्वारा लघु सूची में चयन, साक्षात्कार और रोजगार के लिए किसी भी रूप में दबाव डालने और पक्षपात हेतु याचना करने पर उन्हें चयन प्रक्रिया से अयोग्य और बाहर कर दिया जाएगा।

आवेदनों को सह-पत्र के साथ, जिस पद के लिए आवेदन किया गया है उस पद के नाम को लिफाफे पर लिखकर निम्नलिखित पते पर स्वयं अथवा डाक द्वारा जमा किया जाना चाहिए:

**डॉ. पूर्वा माथुर**
**आचार्य एवं प्रधान अन्वेषक,**
**कमरा नं. 212, द्वितीय तल**
**प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग**
**ज.प्र.ना.ए.ट्रॉ.कें., अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली**